NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

Delhi News: 1 करोड़ से ज्यादा नकली दवाइयों की कीमत, भारी तादाद में नकली खेप बरामद

नई दिल्ली: चूरन, चॉक और फूड सप्लिमेंट के मिक्सचर को टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन का रूप देकर ब्रैंडेड कंपनियों की जीवन रक्षक दवा के तौर पर बेचने वाले रैकेट की पूरी चेन को खंगाला जा रहा है। बरामद नकली दवा की खेप का ब्रैंडेड कंपनियों से वैल्यू पता किया गया है, जो अगर असली के तौर पर बेची जाती तो 1 करोड़ 5 लाख रुपये तक आरोपी कमा लेते। फैक्ट्रियों से रिकवर नकली दवा बनाने और पैकिंग करने वाली मशीनों का रेट 40-50 लाख रुपये के बीच आंका गया है।

Source:
https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/crime/fake-medicines-worth-more-than-1-crore-rupees-huge-consignment-medicines-recovered/articleshow/123180552.cms